आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



# चैती दुर्गा पूजा को लेकर भूमि पूजन, 21 मार्च को नेत्रदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में रामनवमी प्रभारी दीपेश पाठक बाबा एवं समिति के मुख्य संरक्षक शंकर महतो के द्वारा भूमि पूजन किया गया।

इसमें मां के पंडाल के साथ-साथ भगवान बजरंगी का अखाड़ा बनाने का भी निर्णय लिया गया। दीपेश पाठक ने बताया कि विगत 21 तारीख अमावस्या के दिन माता का नेत्रदान हो जायेगा और 22 मार्च से माता की कलश स्थापना के साथ मूर्ति पूजा शुरू होगी। पुरानी कमेटी को भंग करते हुए 10 दिवसीय दुर्गा पूजा के साथ रामनवमी पूजा का आयोजन करने के साथ मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी नववर्ष एवं दुर्गा पूजा को लेकर शहर में प्रचार वाहन घुमाया जायेगा। श्रीराम सेना ने सभी नगरवासियों एवं झारखंडवासियों को नववर्ष की अग्रिम बधाई दी है।

# श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल के अध्यक्ष बने अमित सोनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल रातू रोड रांची की बैठक रविवार को माउंट मोटर स्थित हनुमान मंदिर में हुई। बैठक की अध्यक्षता आयुष राज वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल की कमिटी भंग कर 2023 में श्री रामनवमी महोत्सव एवं मंगलवरी सप्तमी अष्टमी नवमी धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 2023 के लिए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष बने अमित सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष राज वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष हर्ष श्रीवास्तव, रामावतार जायसवाल, मनीष नायक, मणिकांत कुमार (हर्ष ), कर्ण पाठक, उपाध्यक्ष कुमार गौरव (राणा), कृष्णा राम, जय गणेश सोनी, सुंदरम सिंह, अंशु तिर्की, शिबु चौहान, मोहित सोनी, अभिनाश यादव, मंत्री आशीष सोनी, जयंत मुंजल, सह मंत्री अंकित सोनी, पवन यादव, आयुष सोनी, अंकित राज, बंटी सोनी, मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता राजवीर चौधरी, सौरव कुमार, महामंत्री धीरज दयाल कुशवाहा, जुलूस प्रभारी कुकू नायक, विष्णु यादव, सुजीत, संतु यादव, आकाश सोनी, सोनू कुमार, विशाल यादव, शशांक सोनी, संरक्षक गौतम रीत राज, नीरज कुमार, बिजय बर्मन, रामधन बर्मन, सागर वर्मा, पिंकू, संतोष गुप्ता, कुमार राजा, शंकर प्रसाद, गोपाल पारीक को बनाया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन आयुष राज वर्मा ने किया एवं अंत में समिति के उपाध्यक्ष स्वर्गीय नितेश कुमार (मुकुल जी) के निधन पर 2 मिनट का मौन रहकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

# मरहूम खलील अहमद शिक्षा के सच्चे सिपाही थे : इबरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मरहूम (दिवंगत) शिक्षाविद् और महान सामाजिक योद्धा मोहम्मद खलील अहमद की याद में मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत बहू बाजार स्थित माही कार्यालय में परीक्षा की तैयारी और बेहतर परिणाम के लिए सात दिवसीय निःशुल्क गेस पेपर वितरण सह टेस्ट श्रृंखला पर एक पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माही के संयोजक इबरार अहमद और संचालन मुस्तकीम आलम ने किया। उन्होंने 500 बच्चों को चिह्नित कर शिक्षा से सांधित सभी खर्च उठाने की घोषणा की। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अनवर अली, जमीयतुल एराकीन के सदर और पूर्व डीडीसी हसीब अख्तर जावेद, शिक्षाविद् नाजिया तबस्सुम, सरवर इमाम खान, शकील अख़्तर, सैयद इबरार हसन और मोहम्मद सलाहुद्दीन शरीक हुए। कार्यक्रम में मोहम्मद नकीब मिंटू, नदीम अख़्तर, हाजी नवाब, शकील अहमद, खालिद सैफुल्लाह, मिल्लत पंचायत के सदर जावेद अहमद, मोहम्मद शकील, नूर आलम, इकबाल, अर्शद शमीम, निगार तनवीर, साहिल मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन जावेद ने किया। उक्त जानकारी प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने दी।

## लाभुकों में राशन वितरण नहीं होने की शिकायत पर सरकार गंभीर

# सीएम के आदेश पर राज्य भर में पीडीएस दुकानों का एक साथ किया गया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्यभर की जनवितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण जिला स्तर पर नियुक्त पदाधिकारियों ने किया। इसी क्रम में लोहरदगा में 63, गिरिडीह 56, पाकुड़ 66, सरायकेला खरसावां में 39, हजारीबाग में 80, रामगढ़ में 46, देवघर में 40, धनबाद में 62, दुमका में 166, पलामू में 117, बोकारो में 78, गोड्डा में 94, साहिबगंज में 38, लातेहार में 36, सिमडेगा में 13, पश्चिमी सिंहभूम में 36, पूर्वी सिंहभूम में 55, गुमला में 53, रांची में 93, कोडरमा में 50, खूंटी में 51, चतरा में 65 जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से राशन कार्ड, वितरण, अनाज उठाव, कार्ड धारकों की संख्या, स्टॉक, मिलान पंजी एवं आधिकारिक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गयी।

### दर्जनों पीडीएस की अनुज्ञप्ति रद्द एवं सैकड़ों हुईं निलंबित



औचक निरीक्षण के क्रम में हजारीबाग में तीन पीडीएस की अनुज्ञप्ति रद्द करने एवं 17 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। लोहरदगा की 13 दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द करने एवं 19 पीडीएस दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सरायकेला- खरसावां में 5 दुकान को निलंबित एवं 22 दुकान को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रांची में 14 दुकानों को कारण बताओ नोटिस निर्गत हुआ। पाकुड़ में एक दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द एवं नौ दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी। रामगढ़ में छह दुकानों को निलंबित एवं 14 दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया। पलामू में 14 एवं बोकारो में 56 पीडीएस दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया। जबकि खूंटी में तीन दुकानों को निलंबित एवं चतरा में छह दुकानों को निलंबित एवं 37 जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांगा।

इस तरह राज्य के सभी जिलों से राशन वितरण में अनियमितता बरतनेवालों के खिलाफ सरकार की ओर से कार्रवाई की गयी। इसके अलावा, अधिकांश जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं को खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन, इन्वेंट्री प्रबंधन, आपूर्ति का समय पर वितरण, संबंधित सतर्कता समितियों से संबंधित सूचनाओं के उचित प्रदर्शन के संबंध में निर्देश जारी किये गये।

मुख्यमंत्री को राज्य में संचालित 25 हजार से अधिक जन वितरण प्रणाली की दुकान के संबंध में इस बात की जानकारी मिल रही थी कि सरकार की ओर से आवंटित राशन सामग्री की मात्रा के अनुसार लाभुकों के बीच वितरण नहीं किया जाता है। साथ ही, दुकान के प्रमुख स्थान पर सूचना पट्ट पर अनुज्ञप्ति संख्या, अनुज्ञप्तिधारी का नाम एवं पता, दुकान खुलने एवं बंद होने का समय, विभिन्न श्रेणी के कार्डधारी की संख्या, विभिन्न श्रेणी के कार्डधारी के लिए राशन की मात्रा एवं दर, स्टॉक का वितरण आदि प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है। विभाग की ओर से जारी आदेश का अनुपालन कई पीडीएस दुकानदारों द्वारा नहीं किया जाता है। इसकी बात की सत्यता जांचने एवं लाभुकों को तय मात्रा में खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करने हेतु औचक निरीक्षण का आदेश दिया गया।

# 16 मार्च को रांची में पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य की विराट धर्मसभा, हरमू मैदान में हुआ भूमि पूजन

### धर्मसभा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हरमू मैदान में 16 मार्च को होनेवाले पूज्यपाद पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य की विराट धर्मसभा के उपलक्ष्य में हरमू मैदान में रविवार सुबह भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया एवं धर्मसभा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

इस अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक एवं कार्यक्रम के संरक्षक डॉ एचपी नारायण ने कहा कि गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज अपने चार दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत रांची आयेंगे। 16 को रांची रेलवे स्टेशन पर सुबह 8 बजे उनका आगमन होगा। आदित्य वाहिनी के प्रदेश संयोजक शिशिर ठाकुर ने कहा कि पूज्यपाद पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य के आगमन पर झारखंड के पारंपरिक तरीके से मांदर-नगाड़ा, पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया जायेगा। वह रेलवे स्टेशन से सीधे सेल सिटी जायेंगे, जहां वैदिक रीति के मुताबिक शंकराचार्य का स्वागत किया गया जायेगा।

इससे पहले रांची रेलवे स्टेशन से सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल के साथ श्रद्धालु भक्त गण पूज्यपाद शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का स्वागत करते हुए आवास तक लेकर जायेंगे। संध्या करीब 4.00 बजे हरमू मैदान में भव्य स्वागत किया जायेगा और वहां बने दिव्य-भव्य पंडाल से जगतगुरु शंकराचार्य विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एचपी नारायण, अवकाशप्राप्त डीआइजी राजीव रंजन सिंह के साथ-साथ हम सभी सनातनी बंधु बांधवों ने हिस्सा लिया।

# कल्लू यादव हत्याकांड: जमीन कारोबारी से काम मांगने पहुंचा था शूटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के टाटीसिल्वे इलाके में 3 मार्च की शाम को जमीन कारोबारी अनिल कुमार उर्फ कल्लू यादव की हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड में शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार शूटर का नाम अभिषेक पासवान उर्फ छोटू है और वह हजारीबाग जिले का रहनेवाला है। वहीं इस कांड का मुख्य साजिशकर्ता सुनील यादव फरार है। शूटर अभिषेक पासवान उर्फ छोटू जमीन कारोबारी सुनील यादव से रोजगार मांगने गया था। उसी बीच जमीन कारोबारी सुनील

### तीन लाख में हत्या का हुआ था सौदा

यादव ने अनिल कुमार उर्फ कल्लू यादव की हत्या कर देने की बात बतायी थी। इस कांड को अंजाम देने के लिए तीन लाख रुपये का सौदा किया गया था।

**वर्चस्व बनाना चाहता था सुनील, पहले भी कल्लू से हुआ था विवाद**

सुनील टाटीसिल्वे इलाके में जमीन का कारोबार करता है और वह अपना वर्चस्व बनाना चाहता था। हालांकि कल्लू के सामने उसकी एक नहीं चलती थी। पूर्व में भी सुनील और कल्लू के बीच कहा-सुनी हो चुकी थी, लेकिन कल्लू को भारी पड़ता देख सुनील को ही हमेशा पीछे हटना पड़ता था। सुनील के जमीन कारोबार में कल्लू रोड़ा बन रहा था।

यही वजह है कि पिछले कुछ माह से लगातार सुनील अपने प्रतिद्वंद्वी कल्लू की हत्या करने का प्लान बना रहा था। इसी दौरान अचानक शूटर अभिषेक उसके पास काम मांगने पहुंचा, जिसके बाद कल्लू की हत्या का जिम्मा सौंप दिया। शूटर अभिषेक ने भी कार्य को स्वीकार करते हुए गोली मारने के लिए तैयार हो गया था, जिसके बाद तीन लाख में सौदा तय हुआ था।

टाटीसिल्वे में बंद पड़ी वेस्ट फालिया फैक्ट्री में कल्लू और सुनील का अक्सर आना-जाना होता था। हालांकि वहां भी कल्लू का ही दबदबा था। हालांकि सुनील अपना सिक्का चलाना चाहता था। सुनील अक्सर वेस्ट फालिया फैक्ट्री की यूनियन में अपना स्थान बनाना चाहता था, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही थी। इन्हीं सब बातों से सुनील पिछले कुछ माह से लगातार परेशान था, जिसके बाद कल्लू की हत्या सुनिश्चित करने पर वह तुला हुआ था।

# सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर केंद्रीय सरना समिति ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासियों का महापर्व सरहुल पूजा को लेकर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अध्यक्षता में रविवार को आवश्यक बैठक हुई। सरहुल शोभायात्रा का उद्गम स्थल सरना टोली हात्मा में आयोजित बैठक का संचालन डॉ जगदीप उरांव ने किया।

मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि चैत माह के द्वितीय शुक्ल पक्ष 23 मार्च को उपवास, केकड़ा मछली पकड़ाई एवं संध्या में जल रखा है। पूजा शाम 7:00 बजे किया जायेगा। चैत तृतीया शुक्ल पक्ष 24 मार्च को सुबह 10:00 बजे सरना स्थल में सरहुल पूजा एवं 2:00 केंद्रीय सरहुल पूजा उद्गम स्थल सरना टोली हात्मा से शोभायात्रा निकलेगी। चैत चतुर्थी शुक्ल पक्ष 25 मार्च को फुलखोसी (पुष्प अर्पण) कार्यक्रम किया जायेगा। वहीं समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि जिला प्रशासन से मिलकर सरहुल शोभायात्रा में फ्लाईओवर निर्माण

### कहा-तीन दिवसीय महापर्व में ट्रैफिक संभाले पुलिस

के कारण होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए संबंधित आवेदक को शोभायात्रा के मार्ग में आमूल चूल परिवर्तन हटाने के लिए आवश्यक निर्देश दें। साथ ही उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों का महापर्व है जो 3 दिनों का होता है इसलिए सरकार को 3 दिनों का राज्य की अवकाश घोषित करना चाहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय धुमकुरिया अध्यक्ष सुनील टोप्पो, करम टोली के पहान सुकरा पहान, नागरा टोली के पहान चंदन पहान, हेदलहातू के पहान राजू पहान, अनिल उरांव अजीत लाकड़ा, विशाल मुंडा, मुन्ना हेमरोम, डहरु उरांव, दीपक हेमरोम, मुकेश मुंडा, महेंद्र मुंडा, कुलदीप पहान, रोहित मुंडा, विकास उरांव, बजरंग हेंब्रोम, पवन उरांव, राकेश मुंडा, आशीष मुंडा, मनीष मुंडा, आदित्य मुंडा, जगदीप उरांव, अरविंद हंस सहित अन्य मौजूद थे।

# केंद्रीय सरना समिति का 53वां स्थापना दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति का 53वां स्थापना दिवस रविवार को कचहरी रोड स्थित 13 आर आइटी बिल्डिंग में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। इसमें नामकुम रांची हटिया, लोहरदगा, गुमला, कांके, करमटोली, बोड़ेया सहित अन्य क्षेत्र से आये लोग शामिल हुए। ढोल, मांदर के साथ पारंपरिक नाच गाना प्रस्तुत किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने आदिवासियों को एकजुट करने के लिए अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का गठन पूरे भारत में किया। धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक लड़ाई लड़ने के लिए 12 मार्च 1970 को केंद्रीय सरना समिति का गठन किया। इसका केंद्रीय कार्यालय 13 आर आइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची है। इस कार्यालय का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया। 1970 से लेकर अब तक केंद्रीय सरना समिति की अगुवाई में सरहुल शोभायात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने संसद में सरना कोड की आवाज उठायी एवं 348 सांसदों का समर्थन प्राप्त था, परंतु षड्यंत्र के तहत कांग्रेस की सरकार ने संसद को ही भंग कर दिया था कि आदिवासियों को सरना कोड नहीं मिल सके। इस पर बाबा कार्तिक उरांव ने 20 वर्ष की काली रात नामक पुस्तक लिखी। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष विमल कच्छप ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव के बताये हुए मार्ग पर चल कर केंद्रीय सरना समिति सरना कोड की लड़ाई लड़ रही है। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुनेश्वर लोहरा, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव विमल कच्छप, रांची जिला सरना समिति के अध्यक्ष अमर तिर्की, लोहरदगा जिला सरना समिति के अध्यक्ष चैतू उरांव, सचिव यशपाल भगत, मीडिया प्रभारी गणेश लोहरा, बाना मुंडा, सहाय तिर्की, सचिव विनय उरांव, गुना बाखला, दीपक जायसवाल, जीवन जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

# साहित्य संगम संस्थान के आहुति महोत्सव सह वार्षिकोत्सव में बही काव्य की धारा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के अशोक नगर स्थित होटल अमलतास में रविवार को साहित्य संगम संस्थान, दिल्ली द्वारा आहुति महोत्सव सह वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनएन पांडेय, पूर्व अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में इंदौर से आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार, देहरादून से डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, एलआर सैनी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। आयोजन में आचार्य राजवीर सिंह मंत्र, नीता शेखर, सिम्मी नाथ, प्रशांत करण, मनीषा सहाय आदि की पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व आइपीएस अधिकारी प्रशांत करण को विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। पूर्व आइजी देव बिहारी शर्मा सहित कई साहित्य सेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार सुनील बादल, इंदुकांत दीक्षित और राजकुमार पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में नवगीत के पुरोधा एवं हिंदी साहित्य जगत के विश्व विख्यात कवि डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, सुनील बादल, डॉ अंजेश कुमार सहित अनेक कवियों ने काव्य पाठ किया।



## बैठक : श्री महावीर मंडल केंद्रीय चुटिया की नयी कमेटी का गठन हुआ

# अध्यक्ष कृष्णा सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव 2023-24 को सफल बनाने के लिए श्री महावीर मंडल केंद्रीय चुटिया की बैठक रविवार को प्राचीन श्री राम मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। सभी अतिथियों एवं अखाड़ाधारियों का स्वागत महावीर मंडल रांची के मंत्री कैलाश केसरी ने किया गया। इस बैठक में नयी कमेटी का गठन किया गया। इसमें **मुख्य संरक्षक:** कैलाश केशरी, पद्म श्री मुकुंद नायक, मदन सिंह, सुरेश साहू, गोकुल दास, विजय तिर्की, **संयोजक:** विजय कुमार साहू, **संरक्षक:** मणपूरण नायक, राधेश्याम केशरी, सावर अग्रवाल, भोला राम, बैजनाथ सिंह, सुनील सहाय, रामशरण तिर्की, **अध्यक्ष:** कृष्णा सहाय, **कार्यकारी अध्यक्ष:** रवि सिंह, **महासचिव:** अनिल सिंह, **उपाध्यक्ष:** राजकुमार महतो, ज्ञानीमहतो, कौशल चौधरी, चंदन नायक, किशोर राम, विक्की शर्मा, धंजु नायक, विजय बड़ाइक, अमित साहू, विजय सिंह, रानू चौबे रवि सिंह, धनंजय सिंह, विनोद श्रीवास्तव , दीपेश पाठक , प्रदीप कुमार साहू, **मंत्री :** कृष्ण साहू, विक्रम साहू, गुजा तिर्की, नकुल नायक, अमित केशरी, जितेंद्र साहू, शुकरा लोहरा, उदय सारस्वत, संजू महतो, गणेश अग्रवाल, परमजीत सिंह , विकास जयसवाल, पप्पू सिंह, **कोषाध्यक्ष :** शेरू साहू, आदित्य मोहन, **मिडिया प्रभारी:** रतन लाल, अमन श्रीवास्तव, रितेश साहू और 51 कार्यकारणी सदस्य बनाया गया ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### विधानसभा अध्यक्ष से मिला झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ का शिष्टमंडल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ ने राज्य में अन्य चिकित्सकों के समान पशु चिकित्सकों को भी सातवें वेतन आयोग का लाभ देने की मांग की है। संघ के एक शिष्टमंडल ने रविवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर यह मांग रखी। इस दौरान शिष्टमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा एवं उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय नयी दिल्ली के निर्देश के आलोक में पशु चिकित्सकों को अन्य चिकित्सकों के समान मानते हुए पांच पद सोपान, प्रोन्नत पद 50 प्रतिशत के साथ अन्य सुविधाएं दी जानी चाहिए। महामंत्री शिवानंद काशी ने बताया कि वर्तमान में पशु चिकित्सकों का मात्र दो पदसोपान एवं 9 प्रतिशत प्रोन्नत पद है, जिसके कारण 91% पशु चिकित्सक मूल कोटि के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ने शिष्टमंडल को यह आश्वस्त किया और कहा कि पशु चिकित्सको की मांग उचित है, इस पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। राज्य सरकार को इस दिशा में उचित कार्रवाई के लिए कहा जायेगा।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल ने किया खगोलीय शिविर का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** युवा मन तथा मस्तिष्क को खगोलीय परिप्रेक्ष्य में व्यावहारिक तथा प्रयोगात्मक अनुभूति प्राप्त करवाने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा कक्षा तीन तथा चार के विद्यार्थियों के लिए एक खगोल शिविर का आयोजन किया गया। अंतरिक्ष के प्रति सभी जिज्ञासु बाल मन ने उत्साह के साथ इस शिविर में भाग लिया तथा रहस्य से भरे विश्व, सौर मंडल तथा आकाश गंगा जैसी जादुई दुनिया को और अधिक नजदीक से जानने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। बच्चों ने सौर मंडल, पृथ्वी तथा अन्य ग्रहों के आकार, उनके उपग्रहों, चंद्रमा के विविध चरणों तथा इस रोचक दुनिया से संबंधित अन्य तथ्यों के बारे में नवीन जानकारियां प्राप्त की । इस शिविर ने तकनीक के कुशल प्रयोग, क्रमबद्ध प्रदर्शन, पारस्परिक प्रस्तुतिकरण एवं प्रायोगिक पद्धति द्वारा विद्यार्थियों की रुचि तथा बाल्यावस्था के अनुकूल न केवल उनके ज्ञान में अभिबृद्धि की, बल्कि उनके रचनात्मक कौशल को भी नवीन आयाम देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। प्रयोगात्मक पद्धति की अवधारणा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची कक्षा की चार दीवारों तथा पुस्तकीय ज्ञान से परे अनुभूति जन्य संज्ञान में विश्वास रखता है, जिससे विद्यार्थियों में न केवल शैक्षणिक कौशल का विकास हो, अपितु वे व्यावहारिक रूप से भी परिपक्वता प्राप्त करने में सक्षम बन सकें तथा जीवन पर्यंत सीखने और जानने की पद्धति से जुड़े रह सकें।

### राज्य में पेसा कानून को सख्ती से लागू किया जाये: ग्राम प्रधान संघ



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के कांके प्रखंड स्थित कटमकुली ग्राम पंचायत भवन में रविवार को ग्राम प्रधान संघ रांची की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार बड़ाइक शामिल हुए। यह बैठक दीपक पहान की अध्यक्षता में हुई। इसमें ग्राम सभा के अधिकार और पेसा कानून पर विस्तृत चर्चा की गयी। वही उमेश कुमार बड़ाइक ने बैठक में लिये गये निर्णयों की बाबत बताया कि राज्य सरकार से मांग की गयी है कि राज्य में पेशा कानून को सख्ती से लागू किया जाये। जमीन की खरीद बिक्री में ग्राम सभा के अनुमोदन को आवश्यक किया जाये। उन्होंने कहा कि रांची के पूर्व उपायुक्त केके सोन प्रत्येक 26 तारीख को ग्राम सभा आयोजित करते थे। साथ ही इसके लिए मार्गदर्शन और निर्देश मिला करता था। ऐसी परंपरा फिर से शुरू की जाये। इस बैठक में फूल कुमार मुंडा, पूसा पहान, विजय कुमार मुंडा, तरुण पहान, अकलू मुंडा, सुरेश पहान, रामलगन मुंडा, बली पहान, अनिल उरांव आदि मौजूद थे।

### कोकर महावीर मंडल राम नवमी पूजा समिति की बैठक



**रांची (आजाद सिपाही)।** कोकर महावीर मंडल राम नवमी पूजा समिति की कोकर महावीर प्राचीन मंदिर में बैठक हुई। इसमें हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राजू राम ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से चंचल चटर्जी, संतोष महतो, सूरज कुमार पासवान, सागर पासवान, संदीप पासवान, सूजीत कुमार, संजय कुमार राम, प्रकाश राम, गनेश पासवान, बंटी राज, पप्पू पासवान, अरविंद पासवान, सौरभ राम, नेहाल कुमार, सौरभ कुमार, बिट्टू कुमार आदि कोकर महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हर्षिका ने अपनी मेहनत से नाम कमाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में जन्मी और पली-बढ़ी हर्षिका को हर कोई पहचानता है। प्री नर्सरी में पढ़नेवाली हर्षिका ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपनी मेहनत, अपने हुनर और अपनी काबिलियत के बल पर रांची में बहुत सारा नाम कमाया है। कोई भी इवेंट्स हो, कोई भी मौका हो, वह समारोह में पार्टिसिपेट करना नहीं छोड़ती। उनके पिता सुधीर मंडल रांची विश्वविद्यालय में सहायक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी बेटी की सफलता का श्रेय कुशल मार्गदर्शन को दिया है। वह कहते हैं कि उसकी बेटी में हुनर बचपन से ही दिख गया, जब वह एक साल की थी। उनका घर आज उनकी बेटी हर्षिका के जीते प्राइज और सर्टिफिकेट से सुशोभित होता है। वह कहीं भी जाते हैं तो लोग उनको उनकी बेटी की काबिलियत के लिए बहुत सराहना करते हैं। रांची के जाने माने एसआर इवेंट निदेशक शाहिद रहमान, इवीइएनटीएस की डायरेक्टर प्रियंका जायसवाल, डॉक्टर आरिफ नासिर बट, नंदकिशोर चंदेल और विभिन्न लोगों ने हर्षिका की प्रतिभा को निखारने में उसका भरपूर सहयोग दिया। हर्षिका अब चार वर्ष की हो चुकी है।

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

# कथा के श्रवण से मानव का मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास: पंडित नीरज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्रीधाम वृंदावन से राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि आज हमारे देश मे आदिकाल से वेद पुराण सम्मत संस्कार/संस्कृति, आध्यात्म एवं सनातन धर्म को भूल कर लोग पाश्चात्य संस्कृति को अपनाने की होड़ मे लगे है। उस पाश्चात्य संस्कृति, जिसका प्रादुर्भाव भोग विलासिता पर आधारित है, जो कालांतर मे मनुष्य को निराशा और अशान्ति के सागर मे डुबो देती है। जबकि भारतीय सनातन धर्म, संस्कृति और आध्यात्म पुरातन वेद पुराण से प्रादुर्भावित है। इसके अनुसरण से मानव का मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है। जीवन मे शांति, संतुष्टी एवं सुख आजीवन बना रहता है।

पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री रविवार को हुटुप गौशाला, रुक्का डैम के पास आयोजित गौ माता को समर्पित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में बोल रहे थे। इसका कथा का आयोजन श्री गोपीकृष्ण सेवा संस्थान के तत्वावधन में किया गया है। यह कथा 18 मार्च तक दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक चलेगा।

पंडित नीरज शास्त्री ने कहा कि सर्व लोक हिते रता यानि की समस्त प्राणियो के कल्याण के लिए तत्पर किन्तु बगैर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्थान के लोक का कल्याण सम्भव नही। श्री मदभागवत पुराण की कथा इन्ही वेद पुराणो का एक सशक्त और अत्यधिक प्रभावशाली भाग है। कथा के पूर्व सुबह सात बजे कलेश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में 251 महिलाएं शामिल हुई। वहीं कलश यात्रा में पंडित नीरज शास्त्री भी शामिल हुए। श्री गोपी कृष्ण सेवा संस्थान के अध्यक्ष सज्जन सिंघानिया ने बताया कि हमारे सनातन धर्म के सात स्तंभों में प्रथम स्तंभ परम पूज्या गौ माता ही है, हमारे सनातन धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि गवां मध्ये वसाम्यहम् इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए संस्थान सात दिनों तक गायों के मध्य ये परम पुनीत आयोजन करवा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीरा अग्रवाल, ज्योति कुमार, जेपी शर्मा, ज्योति कुमारी, सुरेश कुमार, सुरेश अग्रवाल, रतन कुमार शर्मा, राजेश चौधरी सहयोग कर रहे हैं। यह जानकारी ज्योति कुमारी ने दी।

## सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आरआइटी भवन कचहरी परिसर रांची में सुबह नौ सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता डॉ हरि उरांव ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 मार्च को अपराह्न दो बजे से दीक्षांत मंडप परिसर रांची विश्वविद्यालय, रांची में प्रति वर्ष की भांति सरना नवयुवक संघ के तत्वावधान में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा। सरहुल पूर्व संध्या समारोह के अंतर्गत आदिवासी जीवन शैली से संबंधित कला संस्कृति, नृत्य - गान, रचना- लेखन जैसे प्रतियोगितात्मक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। संघ के सचिव प्रो वीरेंद्र उरांव ने बताया कि तैयारी समिति की आगामी बैठक 13 मार्च को 13 आरआइटी भवन कचहरी परिसर रांची में अपराह्न 3:00 बजे से होगी। उक्त बैठक में कलाकारों की स्वर परीक्षा ली जायेगी। पूर्व संध्या समारोह के अवसर पर संघ द्वारा प्रकाशित सरना फुल पत्रिका का लोकार्पण भी होगा। बैठक में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव, सचिव प्रो वीरेंद्र उरांव, उपाध्यक्ष साधु उरांव, कोषाध्यक्ष डॉ बंदे उरांव, प्रो धीरज उरांव, सुखराम उरांव, लक्ष्मन उरांव, जोहे भगत, पूजा कुमारी, संजू लकड़ा, अनिमा टोप्पो, प्रतिमा कुजूर, सीमा टोप्पो, कार्तिक, कुंवर, अंकित, अरुण, रिंकू, रवि, तुलसी उरांव एवं चंदर उरांव उपस्थित थे।

## 23 वर्ष में भी झारखंडियों के हित में नहीं बन पायी नियोजन नीति : राजेंद्र




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सदानी झंडा लगाओ अभियान कांके के चंदवे में मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से आयोजित किया गया। समारोह में केंद्रीय अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद और केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार साहू, प्रोअरविंद प्रसाद, चन्दन प्रसाद, मुरारी गुप्ता, विशाल कुमार,के द्वारा संयुक्त रूप से लोगों को सदानी झंडा को अपने- अपने लगाने के लिए सौंपा। मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी व मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड बने 23 वर्षों हो गये, लेकिन झारखंडियों के हित में अभी तक नियोजन नीति नहीं बन पाई है। प्रसाद ने कहा कि 65% मूलवासी सदानों की लगातार उपेक्षा और अधिकार का हनन हो रहा है। प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि राजनीतिक दल सरकारी नौकरी से लेकर राजनीतिक भागीदारी और अन्य अधिकारों को छीनने का काम कर रहे हैं। प्रो अरविंद प्रसाद ने सदानी झंडा को घरों के सबसे ऊपर तले पर श्रद्धा के साथ लगाने की बात कही। समारोह को विशाल कुमार, चंदन प्रसाद, मुरारी गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आशुतोष महतो, रंगलाल साहू ,पंकज साहू, संदीप तिवारी, पप्पू कुमार उमेश साहू, वीरेंद्र, पंकज साहू विजय महतो, अजीत साहू रामप्रवेश, गोपाल, संदीप, रामकुमार, सिकंदर, जितेंद्र, पप्पू नीतीश, प्रदीप उपस्थित थे। अध्यक्षता मोहर साहू एवं संचालन, अमित साहू ने किया।

## 23 मार्च को मोरहाबादी मैदान में भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को रांची स्थित पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा शक्ति की एक बैठक हुई। मौके पर राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि आगामी 23 मार्च को रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में भगत सिंह की प्रतिमा लगायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हम भगत सिंह के गांव खाटकर कलान से पवित्र मिट्टी लेकर रांची आये थे और अब हमारा लक्ष्य सभी शहीदों के गांव जाकर पवित्र मिट्टी लाने का है। इसके साथ हम भगत सिंह की भारत की सबसे विशाल प्रतिमा स्थापित करेंगे। राजधानी सहित पूरे राज्यवासी एक रुपये का अपना अंशदान करके इस मुहिम से जुड़ सकते हैं। राष्ट्रीय युवा शक्ति के संरक्षक पंकज पांडेय ने कहा कि पूरे राज्य में इस कार्यक्रम को लेकर झारखंडवासी उत्साहित हैं और हमारा लक्ष्य हर घर से लोगों को जोड़ना है। इस बैठक में मुख्य रूप से सावन लिंडा, नितेश वर्मा, सुनील साहू, अभिषेक बंटी यादव, प्रीति सिन्हा जयसवाल, प्रशांत बजाज, आर्यन मेहता, रोहित यादव, निखिल गुप्ता, राणा सिंह, मुरली प्रसाद चौधरी, विशु विशाल, राजीव पांडे, मिथिलेश सिंह, हिमांशु लाल, सागर सिंह, जितेंद्र गुप्ता, नीतू सिंह, पायल सोनी, आलोक रंजन, शैलेंद्र नाथ तिवारी, आलोक घोष, मुन्ना सिंह, जीतू अरोड़ा, नरेश मकड़ा, हर्ष बरनवाल, विशाल साहू, रंजय वर्मा, सचिन चौधरी, संजय तिवारी, मन्नू चौधरी, बजरंग गुप्ता, धीरज यादव, मनोज कुमार, राजू कुमार, शैलेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## पारस एचइसी हॉस्पिटल रांची में 76 वर्षीय मरीज का सफल सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन, हृदय रोगियों के लिए नयी उम्मीद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पारस एचइसी हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग में रांची निवासी, 76 वर्षीय मरीज का सफल सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन कर क्रोनिक हार्ट फेलियर का इलाज किया गया। गौरतलब है कि मरीज काफी गंभीर हालत में पारस एचइसी हॉस्पिटल के इमरजेंसी विभाग में पंहुचा था। जांच में पता चला कि मरीज के दिल का बायां हिस्सा बहुत कम काम कर रहा था। उसका फंक्शन मात्र 25 % था। मरीज के परिजनों को सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन करवाने की सलाह दी गयी। पारस एचइसी हॉस्पिटल के कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ महेश कुशवाहा ने इस सफल सर्जरी को अंजाम दिया। डॉ महेश कुशवाहा ने बताया कि अब मरीज पहले से काफी बेहतर हैं और अपनी दिनचर्या में आ रहे हैं। डॉ महेश कुशवाहा के अनुसार जीवन शैली में बदलाव करके, नमक का सेवन कम करके, स्वस्थ आहार लेकर, सभी प्रकार के नशा (शराब, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, खैनी, इत्यादि) को बंद करके, वजन को सामान्य रख कर, शारीरिक सक्रियता बढ़ा कर, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, किडनी को बेहतर रख कर हृदय रोग से बचा जा सकता है। आज के समय में 65 वर्ष से अधिक के लोगों (पुरुष और महिला) के अस्पताल में भर्ती होने का सबसे आम कारण हार्ट फेल होना ही माना जा रहा है। डॉ महेश कुशवाहा ने बताया कि भारत में हार्ट फेल के लगभग 25 प्रतिशत मरीज 45 वर्ष से कम उम्र के हैं। वहीं 67 प्रतिशत लोग ऐसे भी हैं, जिनकी उम्र 55 साल से कम है और उनमें हार्ट फेल होने की जोखिम की पहचान की गयी।



सामान्यतः रोगी में हार्ट फेल होने की संभावना और उसकी जोखिम को कम किया जा सकता है। लेकिन भारत में इस बीमारी के विकास, लक्षण और इलाज के बारे में जागरूकता कम है। इलाज कराने से बेहतर है कि हार्ट फेल होने के कारकों का पता लगा कर उनकी रोकथाम के लिए उचित कदम उठाये जायें। यदि किसी व्यक्ति का हार्ट फेल नहीं हुआ है, लेकिन उसमें जोखिम है, तो उसे समय पर दवाएं देकर और लाइफ स्टाइल में बदलाव करके जोखिम कम किया जा सकता है। मेडिकल डायरेक्टर एंड वाइस चेयरमैन न्यूरो साइंसेज, डॉ संजय कुमार ने कहा, यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि अब लोगों को गंभीर हृदय से जुड़ी बीमारियों के इलाज लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बड़े महानगरों में उपलब्ध अत्यधिक खर्चवाले इलाज के मुकाबले उसका इलाज पारस हॉस्पिटल में कम लागत में किया जा रहा है। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने बताया कि अभी तक क्रोनिक हार्ट फेल्योर के मरीजों को अत्याधुनिक इलाज के लिए आधुनिक हॉस्पिटल और विशेषज्ञ डॉक्टर्स की अनुपलब्धता के कारण राज्य से बाहर जाना पड़ता था। समाज के सभी वर्गों के लिए विश्व स्तरीय हृदय रोग चिकित्सा उपलब्ध कराना ही हमारा उद्देश्य है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नंदकिशोर सिंह चंदेल छठी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये



**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को स्थान श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर के प्रांगण में युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) की बैठक संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से छठी बार अध्यक्ष चुने गये नंद किशोर सिंह चंदेल। उनका फूल और मालाओं से सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्वागत किया। अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति पूरे रांची के युवाओं की सबसे बड़ी रामनवमी की कमेटी है, जिसमें पूरे शहर के युवा जुड़े हुए हैं। साथ में अभिभावक तुल्य बहुत सारे लोग। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति हर साल अपने बड़े कार्यक्रम से जानी जाती है और हर साल कुछ नया कार्यक्रम किया जाता है। इस साल भी रामनवमी के शुभ अवसर पर अष्टमी के शाम में मेन रोड स्थित मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और अतिथियों के द्वारा किया जायेगा, अष्टमी की रात में जो झांकी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी, उनके बीच पुरस्कार वितरण भी किया जायेगा। उद्घाटन के शुभ अवसर पर भक्ति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा और नवमी के दिन शहर के तमाम अखाड़ाधारी एवं तमाम श्रीराम भक्तों का युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के मंच पर अभिनंदन एवं स्वागत किया जायेगा। इस वर्ष झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया जायेगा। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए, विशिष्ट अतिथि के तौर पर हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी और डेली मार्केट थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### सरहुल सेवा शिविर का होगा आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में एक आवश्यक बैठक जयंत झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 24 मार्च 2023 को समिति के द्वारा कचहरी चौक रांची में सरहुल सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रकृति प्रेमी आदिवासी भाई बंधु के लिए समिति द्वारा लगाये गये सरहुल सेवा शिविर में कच्चा चना गुड़ और शरबत की व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम में रांची नगर निगम के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के द्वारा शिविर का उद्घाटन किया जायेगा और शिविर 24 मार्च 2023 को दोपहर एक बजे से शाम छह बजे तक सरहुल में आये सभी भक्तजनों का स्वागत कच्चा चना गुड़ और शरबत पिला कर हर्षोल्लास के साथ समिति के द्वारा मनाया जायेगा। उक्त बैठक में समिति के अध्यक्ष जयंत झा, कोशी सीमावर्ती मिथिलांचल मित्र मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय झा, प्रवीण कुमार मिश्रा, भावेश मिश्रा, उदित नारायण ठाकुर, शिवराम मिश्रा, भानु कच्छप, रमेश भारती, डॉ पंकज कुमार राय, सुनील कुमार सिन्हा, भुट्टो सिंह, जितेंद्र सिंह, दीपक जायसवाल, बाना मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की आदि ने भाग लेकर बैठक को संपन्न किया एवं हर्षोल्लास के साथ 24 मार्च 2023 को कचहरी चौक में सरहुल सेवा शिविर धूमधाम से मनाने की योजना बनायी गयी है। उक्त जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने दी।

### बैथल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नयी प्राचार्य का स्वागत



**रांची (आजाद सिपाही)।** बैथल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नयी प्राचार्य का वहां के छात्रों और कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नयी प्राचार्य तमिलनाडु से आयी हैं। इनके पास 10 साल का अनुभव है और वह एमएससी नर्सिंग साइकियाट्री हैं। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि इनका अनुभव और समर्पण हमारे कोलेज के लिए बहुत फायेदमंद साबित होगा। बता दें कि बैथेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग झारखंड नर्सिंग काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त है। रांची यूनिवर्सिटी से एफिलिएटेड है। चार साल का इरू नर्सिंग यूनिवर्सिटी डिग्री इस कालेज द्वारा दी जाती है। बैथल मिशन चैरिटेबल संस्था द्वारा इस कालेज का संचालन किया जाता है। इसलिए इस कालेज में फीस बहुत कम ली जाती है। बायलजी में +2 पास विद्यार्थियों का एडमिशन होता है।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब का हुआ भूमि पूजन, 22 को कलश स्थापना



**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब का पंडाल का भूमि पूजन किया गया। इसमें मंदिर के पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने पूजा करायी। महासमिति की ओर से कहा गया कि इस बार बड़ा पूजा पंडाल बनाया जायेगा। मां दुर्गा की बड़ी प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जायेगी। भूमि पूजन में समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता, उदय साहू, अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, महामंत्री गोपाल पारीक, कार्यकारिणी अध्यक्ष दीपू सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह), सुनील साहू, राहुल सिंह, रोहित वर्मा, राजू वर्मा, करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, विपिन बर्मन, यश वर्मा, रूपेश कुमार बर्मन (पप्पू), अजय कुमार सिंह, संजय साहू, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, शोरव रजक, आकाश रजक, प्रवक्ता नमन भारतीय, मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, पंडाल प्रभारी आकाश रजक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी दुर्गा प्रवक्ता नमन भारतीय एवं मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने दी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in
08

## सोनाहातू में अखंड हरिनाम कीर्तन शुरू खिजरी विधायक ने किया उद्घाटन



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेतला वृन्दावन नवकुंज धाम में रविवार से अखंड हरिनाम कीर्तन का शुभारंभ हुआ। मंदिर में एक साथ कीर्तन मंडली की ओर से कीर्तन किया जायेगा। कीर्तन का उद्घाटन खिजरी विधायक राजेश कच्छप, तेतला मानकी शुभम सिंह, नामकुम प्रमुख आशा कच्छप, विधायक प्रतिनिधि माधव कच्छप, उपप्रमुख प्रतिनिधि निशिकान्त गोंझू की ओर से संयुक्त रूप में एक साथ ने हरि मंदिर में फीता काटकर विधिवत किया गया। कीर्तन मंडली की ओर से एक साथ सभी ने मंदिरों में अखंड हरिनाम कीर्तन शुरू किया गया। जय राधे के उत्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। समिति के राजकुमार महतो, संजय मंडल, जीवन महतो, विजय मुण्डा, मनीष महतो, वासुदेव महतो, तापस कर्मकार, सोनू कुमार आदि सदस्यों की ओर से व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है।

## हम सभी अलग-अलग रहकर नहीं कर सकते कुड़मी समाज का विकास : शीतल ओहदार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी (महतो) समाज के बैनर तले पतराहातू स्कूल मैदान में एक दिवसीय कुड़मी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शीतल ओहदार उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अलग-अलग रहकर कुरमी समाज का विकास नहीं किया जा सकता है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए लोगों को एकजुट होना ही होगा। सभा को रंजीत महतो, राम पदों महतो, प्रो ललित महतो, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर शशि रंजन महतो, जागेश्वर महतो, बुद्धदेव महतो, श्रीपद महतो, कार्तिक महतो, मृतुंजय महतो, कृष्ण चंद्र महतो, कृष्णामोहन महतो, धनंजय महतो दुर्लभ महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## टीबी के मरीज को लिया गोद, दी दवाइयां और खाने की सामग्री



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को टीबी की बीमारी से मुक्त कराने के के आह्वान का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में लाल सिरोम टोली चुटिया रांची की विनिता तिर्की ने टीबी रोगी को गोद लिया और उसके दवाई और खाने-पीने का बीड़ा उठाया। इसके अलावे शर्मा कंपाउंड काटा टोली राची प्रीत प्रकाश ने भी एक टीबी मरीज को गोद लिया। दोनों तमाड़ प्रखंड की है

## युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली गांव में एक युवक ने पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान जेवियर केरकेट्टा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह दुल्ली लुकैया स्थित खेत में एक कटहल के पेड़ पर जेवियर केरकेट्टा का शव झूलता पाया गया। गांव के लोगों को इसकी सूचना मिलते ही भीड़ जुट गयी। उसके बाद मैक्लुस्कीगंज पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुचीं और शव को पेड़ से उतारा। बताया गया कि जेवियर चामा में अपने परिवार के साथ रहता था और पिछले डेढ़ साल से वह कहीं बाहर काम करने गया था। शुक्रवार को ही वह अपने घर लुकैया आया लौटा था। जेवियर के आत्महत्या से परिवार के लोग एवं ग्रामीण काफी दुखी हैं। मृतक जेवियर शादीशुदा था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया। पुलिस ने इस संबंध यूडी केस दर्ज कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने मृतक युवक के आत्महत्या को लेकर संदेह व्यक्त किया है।

### श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

# परीक्षा को उत्सव के रूप में लें विद्यार्थी: सकलदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक सकलदीप भगत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मेहनत व ईमानदारी के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। आपने जो कुछ संस्थान से सीखा है, अपने जीवन में उसे



विदाई समारोह के दौरान उपस्थित छात्राएं।

अवश्य चरितार्थ करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है आप तनावमुक्त एवं एकाग्र होकर परीक्षा की तैयारी करें। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में लें, जिससे आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। अंत में बेस्ट डिसिप्लिन के लिए क्रिस्टीनाओड़ेया को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षिका रिया तथा सावित्री के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## खड़े ट्रक से टकरायी बाइक, दो घायल



**तमाड़/रडगांव (आजाद सिपाही)।** रांची-टाटा पथ पर चौका थाना क्षेत्र के दिरलोंग यस पेट्रोल पंप के निकट खड़ी एक ट्रक में एक बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में ग्राम अगसिया निवासी सुशेन महली और व एक अन्य बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पाकर चौका थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ईलाज के लिए चांडिल स्वास्थ केंद्र भेज दिया।

# आस्था से जुड़े रहने के लिए कथा सुनना चाहिए: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** विष्णु मंदिर में चल रहे राम चरित्र मानस पाठ व प्रवचन में रविवार को केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा भी शानिल होने पहुंचे और प्रवचन सुना। इस अवसर पर राम कथा आयोजक समिति की ओर से सांसद को शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन आस्था को बनाए रखती है। सांसद ने राम कथा वाचक पंडित सुभाष पांडे को शाल



ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विवेक आनंद जयसवाल, आलोक दास, रंजीत लाहरी, राजीव लोचन महतो, रेखा देवी, अमित उपाध्याय, मनोज चौरसिया, मानस मिश्रा, मयंक मिश्रा, कपिल महतो, सजल कुंडू सुबोध मुखर्जी नवीन जयसवाल शिवा पंडित पीयूष मिश्रा मानस मिस्रा आदि उपस्थित थे।

## भागवत कथा के श्रवण से सुख, शांति एवं मोक्ष मिलती है : पं. प्राणवल्लभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** भागवत कथा से जीवन सफल होता है। यह मानवीय जीवन में सफलता का आधार है। उक्त बातें श्रीधाम वृंदावन मथुरा के पं. प्राणवल्लभ भक्त ने कही। वे बेड़ो प्रखंड के जरिया पुरानाडीह में ग्रामवासियों के सौजन्य से आयोजित पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं देवी मंडप प्रतिष्ठा महायज्ञ समारोह में भागवत कथा व प्रवचन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मोक्षदायिनी है। इससे घर में सुख, समृद्धि व शांति का वास होता है। जो सुखमय मानवीय जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने इसके महत्व, गरिमा, महिमा और प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं इस दौरान पुजारी श्रीधाम वृन्दावन मथुरा के पं. प्राणवल्लभ भक्त व जितेन्द्र पाठक की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान में सर्ववेदी पूजन, अन्नाधिवास, हनुमान चालीसा पाठ, संगीतमय प्रवचन, श्री रामचरितमानस का सुंदरकांड पाठ, भागवत कथा, आरती व हवन आदि का आयोजन किया गया। साथ ही भंडारा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

वहीं मौके पर सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, जगरनाथ भगत, राजीव रंजन अधिकारी, धनंजय कुमार रॉय, लाल सत्य प्रकाश नाथ शाहदेव व एबीवीपी के शिवेंद्र सौरभ आदि ने यज्ञ मंडप के समीप मत्था टेका और देवी-देवताओं की आराधना की। साथ ही सांसद सुदर्शन भगत व भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कथावाचक पं. प्राणवल्लभ भक्त को माला पहनाकर उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं मौके पर सांसद ने कहा कि मठ, मंदिर व भागवत कथा हमारी अगाध श्रद्धा व भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने मानवमात्र व मानवता के कल्याण के लिए आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान समारोह की सराहना की। साथ ही इसके संचालन के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन देते हुए इसकी सफलता की कामना भी की। वहीं समारोह को सफल बनाने में ग्रामीणों में गांव के पहान बिट्ठू उरांव, तुरिया पहान, जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन अधिकारी, ब्रजेश महतो, मनोज साहू, मन्नु बड़ाईक, मनोज साहू, सुभाष गोप, ओम प्रकाश गोप, प्रेम कुमार महतो, लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो, हिमांशु महतो, कपिल कुमार महतो, पंकज बड़ाईक, राजेश बड़ाईक, शंकर विश्वकर्मा व शिवशंकर गोप व संजय गोप आदि सराहनीय योगदान दे रहे हैं। सोमवार को प्रभु बजरंगबली की प्रतिमा व जयकारे के साथ नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं समारोह का समापन 14 मार्च को हवन, पूणार्हुति व अखंड हरि कीर्तन के साथ होगा।

## आडंबरों से दूर स्वरोजगार से जुड़कर राष्ट्र शक्ति में सहायक बनें महिलाएं : इंदू देवी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** साईनगर में रविवार को सावित्री बाई फूले नारी शक्ति केंद्र के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता तेजी किस्पोट्टा ने की। बतौर मुख्य अतिथि मयूरी महिला मंडल की अध्यक्ष इंदु देवी भी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुरूआत अतिथियों द्वारा सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख, फ्लोरेंस नाइटएंगल एवं मदर टेरेसा चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इंदू देवी ने कहा कि नारी का सम्मान हम तभी कर सकते हैं, जब महिला स्वयं को सृष्टि का पालक एवं निमार्ता समझे। एवं आडंबर से दूर होकर स्वरोजगार से जुड़े एवं राष्ट्र शक्ति में सहायक बने। विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले नारी शक्ति खलारी एनके एरिया में महिलाओं के लिए आदर्श है। इस मौके पर बच्चों द्वारा नृत्य गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महिला मजदूरों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन बबीता देवी ने किया। मौके पर ब्रह्मकुमारी परिवार की प्रीति बहन, रश्मि तिवारी, बीके तिवारी, सरोज चौधरी, नीलू विश्वकर्मा, राधा देवी, संजू देवी, विजय सिंह मानकी, किरण तिर्की, चंदा देवी, आकांक्षा, अनामिका आदि थीं।

## मुख्यमंत्री से मिलने पैदल रांची जा रहे स्वतंत्रता सेनानी और उसकी पत्नी का कांग्रेसियों ने खूंटी में किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पेंशन राशि और वादे के अनुरूप पांच एकड़ जमीन अब तक नहीं मिलने से दुखी चाईबासा के स्वतंत्रता सेनानी पोदना बालमुचू अपनी पत्नी के साथ चाईबासा से पदयात्रा करते हुए मुख्यमंत्री से मिलने रांची जा रहे हैं। अपनी जायज मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहेउक्त स्वतंत्रता सेनानी का खूंटी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। शनिवार को स्वतंत्रा सेनानी जब अपनी पत्नी के साथ जिला के मुरहू प्रखंड में पहुंचे तो कांग्रेस के प्रदेश सचिव वेद प्रकाश मिश्रा ने माला पहना कर पद यात्रियों का जिला में स्वागत किया और उनके साथ मुरहू से पदयात्रा करते हुए खूंटी तक आए। रात में खूंटी डाक बंगला में उनके विश्राम की व्यवस्था की गई फिर रविवार सुबह खूंटी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद उन्हें सम्मान पूर्वक रांची के लिए विदा किया गया। स्वागत करने वालों में युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अरुण सांगा खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान आदि थे।

## घाघरा पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने रविवार को वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चांदनी चौक व थाना के मुख्य द्वार पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर मनोज कुमार, थानेदार अमित कुमार चौधरी के अलावे कई पुलिस के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस क्रम में बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, ट्रिपल लोड, शराब पीकर वाहन चलाने से संबंधित जांच की गई। जिसमें पांच वाहन जब किए गए जिसमें से तीन नशा कर वाहन चलाते पकड़े गए। वही दो बिना लाइसेंस व बिना हेलमेट के पाये गये। इस दौरान 66000 राजस्व की वसूली हुवी साथ ही लोगों को हिदायत दिया गया कि नशा कर वाहन ना चलाए। कभी भी वाहन चलाएं तो हेलमेट लाइसेंस व वाहन संबंधित नियमों का पालन कर वाहन चलाएं अन्यथा जब भी पकड़े जाएंगे चालान काटा जाएगा। जिससे सभी का आर्थिक नुकसान भी है।

## तमाड़ के सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोक व्यक्त



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के सलगाडीह गाँव के नागेश्वर महतो, सेवा निवृत शिक्षक, उम्र लगभग 75 वर्ष की रांची में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी . वे अपने पीछे पांच पुत्र और एक पुत्री छोड़कर चले गए. उनका दाह संस्कार आज तमाड़ के गागरसतिया नदी में किया गया. दाह संस्कार में सैकड़ों लोग लोग उपस्थित हुए वे समाजिक कार्य मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे कयी गनय मान्य लोंगो ने शोक व्यक्त किया है

### तमाड़ के दिउड़ी मंदिर डॉ रामदयाल मुंडा अखड़ा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

# महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं : हेमलता





आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड के दिउड़ी मंदिर डॉ रामदयाल मुण्डा अखड़ा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजित किया गया। कार्यक्रम पंचपरगना आदिवासी समाज द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों के आदिवासी महिलाओं सहित अतिथियों ने भाग लिया। सभी महिलाएं अपने परंपरागत परिधान में आयीं थीं। कार्यक्रम का संचालन कर रही हेमलता देवी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन आदिवासी महिलाएं आज भी कई क्षेत्र में पीछे हैं। इसी निमित्त केवल आदिवासी महिलाओं के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं, लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ चुकी है। जमाने के साथ महिलाओं को भी पुरुष के साथ कंधा से कंधा मिलाकर परिवार, समाज और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कई अन्य वक्ताओं ने अपना वक्तव्य रखा। वहीं समाज में फैली कुरीतियों, बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशा खोरी, डायन बिसाही को दुर करने हेतु महिला जागृति की बात कही गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशीला देवी, सालु कुमारी, सीता देवी, राधिका देवी, ,विनोद सिंह मुण्डा, कृष्ण सिंह मुण्डा सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा. कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, इनसे ही देश का विकास संभव : सुखदेव गोस्वामी



प्रशस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित करते अतिथि।

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ हाई स्कूल मैदान में रविवार को प्रयास महिला और सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें प्रखंड की महिला व पुरूषों ने अपने संबोधन में महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं से ही देश का विकास संभव है। महिला समाज की रीढ है। नशा उन्मूलन के बारे में भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम में बच्चियों की ओर से गाना, डांस प्रस्तुत किय गया। अंत में गुंजन इकीर मुंडा ने ढोलक की ताल पर लोगों के मन मोह लिया । इस मौके पर अध्यक्ष सुखदेव गोस्वामी, सचिव राजीव गांगुली, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार महतो के प्रयास से महिला दिवस मनाया जा सका । एनजीओ के सदस्य नंदा नायक, अनिमा मल्लिक एसएसबी कमाडेट आलोक कुमार गायत्री परिवार से निरंजन सिंह, अभय मुखर्जी, बिमल पात्रर गुंजन इकीर मुंडा शकुन्तला खंडित जगदीश गुप्ता हीरा दास रायमणी मुंडा सेनेहा दास दयमंती मुंडा समेत कयी प्रमुख लोग उपस्थित हुए । संस्था की ओर से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रमुख लोगों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा एवं राम नवमी पूजा समिति ने किया पंडाल का भूमि पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा राम नवमी पूजा समिति के तत्वावधान में रामनवमी प्रभारी दीपेश पाठक बाबा एवं समिति के मुख्य संरक्षक शंकर महतो के द्वारा भूमि पूजन किया गया। जिसमें मां के पंडाल के साथ-साथ भगवान बजरंगी का अखाड़ा बनाने का भी निर्णय लिया गया। दीपेश पाठक ने बताया कि विगत 21 तारीख अमावस्या के दिन माता का नेत्रदान हो जायेगा और 22 मार्च से माता की कलश स्थापना के साथ मूर्ति पूजा शुरू हो जाएगी। श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा राम नवमी पूजा समिति के तत्वावधान में पूजा स्थल पर एक आम सभा रखी गयी। जिसमें तमाम पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित रहे। विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान बजरंगी की पूजा-अर्चना की गयी। लड्डू का भोग लगाया गया एवं पुरानी कमेटी को भंग किया गया। साथ ही 10 दिवसीय दुर्गा पूजा के साथ रामनवमी पूजा का आयोजन करने एवं मेले के आयोजन का निर्णय लिया गया। नगर वासियों के लिये सुचारू रूप से 10 दिवसीय पूजन को भव्य से भव्यता की ओर ले जाने के लिये सभी पदाधिकारियों द्वारा अपने विचार रखे गये। जिसमें मुख्य रूप से शंकर महतो, भुनू साहू, नीरज सिंह, राजेश कुमार, विकास जायसवाल, दीपेश पाठक बाबा, आशीष सिंह गोलू, विष्णु वर्मा, रवि राय, विकास सिंह, पंकज साहू, मनोज कुमार, अनूप कुमार, अमर सिंह, शिवम, अश्मित, यशराज, हर्षित, राजू कुमार शर्मा, विशाल कुमार, विकास कुमार यादव, रोहित कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, मनोज कुमार बिड्डू, प्रमोद कुमार ठाकुर, शेखर चौधरी, दीपक कुमार, अनूप कुमार शर्मा, मुकेश कुमार सिन्हा, प्रिंस शर्मा, राम सैनिक एवं नगरवासी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि आगामी नववर्ष एवं दुर्गा पूजा को लेकर शहर में प्रचार वाहन घुमाया जायेगा एवं सभी क्षेत्र में बैनर एवं पोस्टर लगाए जाएंगे क्योंकि चैत नवरात्र के नववर्ष भी प्रारंभ होता है। श्रीराम सेना ने सभी नगर वासियों एवं झारखंड वासियों को नववर्ष की अग्रिम बधाई देते हुये लोगों से अपील की कि लोग अपने धर्म एवं नव वर्ष का प्रचार प्रसार भव्य रूप से करें। ताकि आने वाली पीढ़ी को भी भारतीय नववर्ष एवं परंपरा का ज्ञान होता रहे।

# महाराज मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** सुतियाम्बे गढ़ बारी स्कूल परिसर में रविवार को महाराज मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की बैठक डॉ प्रदीप मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चैत्र पूर्णिमा को मुंडा आदिवासी समाज के द्वारा महाराजा मदरा मुंडा से संबंधित धार्मिक स्थलों में वार्षिक पूजन सह मेला का आयोजन को लेकर चर्चा की गई। मौके पर कहा गया कि कई लोग आदिवासी के हितैषी बनकर कई संगठन चला रहे हैं और आदिवासी भाई-बहनों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे संगठनों से आदिवासी समाज को सजग रहने की अपील की गई। बैठक में महाराज मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट के पहलवान सिंह मुंडा ने कहा कि मुंडा समाज अपनी रूढ़ी प्रथा को बनाये रखने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज किसी के बहकावे में ना आकर अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक परंपराओं को आगे ले जाने का कार्य करे। बैठक में प्रदीप पाहन, अमर गोप, भवानी मुंडा, रामदेव मुंडा, राम लगन मुंडा, रामदेव मुंडा, पूरण गोप, जय राम महली, विश्वनाथ साहू, महेंद्र मुंडा, सहदेव राम समेत कई लोग शामिल थे।

# सरहुल को लेकर सरहुल पूजा समिति नामकुम की बैठक संपन्न



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्राकृतिक महापर्व सरहुल मनाने को लेकर रविवार को सरहुल पूजा समिति नामकुम प्रखंड स्तरीय टाटा रोड स्थित सरहुल टांड़ में समिति के अध्यक्ष बिरसा पाहन की अध्यक्षता में बैठक की गयी। इस बैठक का संचालन उपाध्यक्ष सोनल कच्छप ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आरती कुजूर, रामावतार केरकेट्टा, अनिता तिर्की, अशोक मुंडा, मुन्ना बड़ाईक, हिरा तिग्गा, देवचंद्र कोरियार, गोल्डी सिन्हा, रवि कुमार महतो, राजेश कोरियार, जॉन कोरियार, रमेश तिर्की, अरुण पाहन, प्रदीप कुजूर, मीना देवी, संदीप टोप्पो, शनिचरवा तिग्गा, राजू लकड़ा, संटू टूटी, बिनोद एक्का, मुरलीधर आदि उपस्थित थे। बैठक में बिरसा पाहन ने कहा कि सरहुल न सिर्फ प्राकृतिक पर्व है बल्कि आदिवासी संस्कृति का प्रतीक भी है। इस पर्व से आदिवासी संस्कृति और परंपरा को समृद्ध बनाने में मदद मिलती है। कहा कि इस पर्व को धूमधाम से मनाया जायेगा। साथ ही सर्वसम्मति से आगामी 24 मार्च को सरहुल पर्व, पूजा और मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सरहुल टांड़ में 24 मार्च को आसपास के तमाम सरहुल प्रेमी शामिल होंगे। इसे लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से तैयार की गयी। धन्यवाद ज्ञापन समिति कोषाध्यक्ष बिपिन टोप्पो ने किया।

**कार्यक्रम :** प्रखंड स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# सफल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सुदेश महतो ने किया सम्मानित

वर्ग 9-10 के लिए हुई प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान पर रही विद्या दायिनी स्कूल की छात्रा अनामिका कुमारी को लैपटॉप देकर किया गया पुरस्कृत




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** नवयुवक ग्रामीण विकास संगठन राजाडेरा के तत्वावधान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के लिए रविवार को राजाडेरा हाई स्कूल प्रांगण में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम व सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो थे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर जेयुटी के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, जीडीएस संघ के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक, मुखिया सीमा देवी एवं पंसस जानकी देवी उपस्थित थे। इस अवसर पर वर्ग 9-10 के लिए हुई प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान पर रही विद्या दायिनी स्कूल की छात्रा अनामिका कुमारी को लैपटॉप देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं वर्ग 7-8 में प्रथम स्थान पाने वाली जीपी हाई स्कूल की छात्रा रेशमी रानी को साईकिल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उन प्रतिभाओं को सामने लाने की। नवयुवक संगठन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन कर न सिर्फ शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। अध्यक्षता महाबीर महतो ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष महाबीर महतो, मुख्य संरक्षक मोतीराम मुण्डा, सचिव रिजवान अंसारी, कोषाध्यक्ष नरेश महतो, राजेश महतो, छोटेलाल महतो, दीपक महतो, अजीत महतो, पंकज सिंह, पवन ठाकुर, फलिन्द्र महतो, जीतराम महतो, रेखा कुमारी, मुनेश्वर महतो, अभिजीत महतो, संगीता कुमारी, सुरेश, रंजन महतो, मनीष महतो, ऋतुलाल लोहरा, रोहिमा, सुलेमान, समा पूर्ति, कृष्णा केसरी, आकाश महतो का योगदान रहा।

# जनजातियों को अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करनी होगी : सुबोध लकड़ा

पारंपरिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत की पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखने का लिया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** जनजातियों को अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए आगे आना होगा। जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। यह बातें 10 पड़हा कटरमाली के अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कही। उन्होंने जनजातियों से एकजुट होकर अपने पूर्वजों द्वारा दिया गया सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखने का आह्वान किया।

उन्होंने बैठक में 10 पड़हा की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए पड़हा समाज के द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों में सरहुल पूर्व संध्या व पूजा हर्षोल्लास से मनाने और एक साथ जुलूस निकाला जाएगा 10 पड़हा गांव में विशु शिकार से 10 नगाड़ा व 10 ढाक का वितरण किया जाएगा। साथ ही दो गांवों में धुमकुड़िया का निर्माण किया जाएगा। बैठक में पड़हा समाज के लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट व ध्वनिमत से आदिवासियों की पहनई जमीन व झंडा पर की जा रही जबरन कब्जा का विरोध करने, सरहुल व विशु शिकार पर नशापान नहीं करने, पड़हा भवन का सुंदरीकरण करने तथा जामटोली पहाड़ के ऊपर सरना स्थल पर झंडा गड़ी, अखरा व धूमकुरिया का निर्माण करने आदि प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया।

इधर बैठक में 10 पड़हा की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ बनाने व पड़हा एकता को मजबूत बनाने के लिए 10 पड़हा के किसी एक गांव में 10 पड़हा के नाम पर एक जतरा समारोह का आयोजन करने पर बल दिया गया। इधर समारोह में 21 पड़हा के पंचु उरांव, 8 पड़हा के पंचम उरांव, छात्र संघ के उपाध्यक्ष सुरेश टोप्पो, 10 पड़हा राजा कोमल उरांव व 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा समेत दर्जनों लोगों ने अपने विचार रखे। वहीं बैठक में सचिव विजय उरांव, उपाध्यक्ष बिन्नी उरांव सुबोध किस्पोट्टा बिरसा तिर्की समेत 10 पड़हा क्षेत्र के दस गांवों में क्रमशः शहेदा, मासु, जरिया, कटरमाली, मुड़ामु, हुलसी, टेंगरिया, काला ताबेर, खुर्द ताबेर, डोला व सरनाटोली के सैकड़ों पड़हा समाज के ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया। बैठक की अध्यक्षता 10 पड़हा राजा कोमल उरांव, संचालन बुधनाथ उरांव ने किया।

# ऑटो एवं टाटा मैजिक की भिड़ंत में दंपति समेत तीन लोग घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर रविवार रात लगभग सात बजे तहसील कचहरी गेट के समीप ऑटो और टाटा मैजिक की जोरदार टक्कर में दंपति समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ऑटो चालक सोंस निवासी 26 वर्षीय मो. आरिफ और टाटा मैजिक में सवार गुड़ीबाड़ी भंडरा लोहरदगा निवासी दंपति 35 वर्षीय पति संजय भेंगरा व 30 वर्षीय पत्नी सुमानी भेंगरा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद तीनों घायलों को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा. सुमन की देखरेख में तीनों घायलों का उपचार किया गया। घायल संजय भेंगरा ने बताया कि वह अपने बच्चों व पत्नी के साथ तुपुदाना रांची से अपने घर जा रहे थे। वहीं ऑटो चालक नरकोपी बाजार से आ रहा था। इसी दौरान तहसील कचहरी के गेट के समीप दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गये। इधर क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस थाने ले लायी है।

# हजारीबाग से हुंडरू फॉल घूमने आये एक ही परिवार के सात सदस्यों को पर्यटक मित्रों ने डूबने से बचाया

25 वर्षीय रितिक कुमार की पर्यटक मित्रों ने सीपीआर तकनीक से आक्सीजन देकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सांस लौटायी





आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** हुण्डरू जलप्रपात पर्यटक स्थल में कार्यरत पर्यटक मित्रों ने एक ही परिवार के सात सदस्यों को जलप्रपात के गहरे पानी में डूबने से बचा कर मानवता के साथ-साथ साहसिक परिचय दिया है। विदित हो कि हुण्डरु जलप्रपात पर्यटन स्थल में रविवार को हजारीबाग मटवारी से घूमने आये एक ही परिवार के सात सदस्यों को पर्यटक मित्रों ने डूबने से बचा लिया। सभी पर्यटक पावर प्लांट दो के रास्ते योगिया दह के पास पहुंचे थे। सभी सदस्य गाड़ी संख्या जेएच02बीसी-2480 से हुण्डरु फॉल घूमने पहुंचे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार समूह का एक बच्चा रूद्र कुमार शर्मा उम्र करीब 9 वर्ष पानी के पास चला गया और पानी में खेलने लगा। खेलने के क्रम में रूद्र कुमार शर्मा पत्थर से फिसल कर गहरे पानी में गिर गया। रूद्र कुमार को बचाने के लिए उसके पिता पानी में दौड़े और बेल्ट खोलकर बचाने के लिए बेल्ट फेंका, लेकिन तबतक बच्चा पानी के नीचे चला गया। ये देख सभी सदस्यों ने रूद्र कुमार शर्मा को बचाने हेतु पानी में उतरे जिसमें विनय कुमार शर्मा, नंदलाल शर्मा, कौशल किशोर शर्मा, आयुश्री कुमारी, रितिक कुमार सहित छह लोग शामिल थे। सभी लोग गहरे पानी में डूबने लगे।

सभी को डूबता देख पानी के बाहर खड़ी दो महिलाएं बचाओ बचाओ कहके चिल्लाने लगीं। चिल्लाने की आवाज सुनकर झरना के पास तैनात पर्यटक मित्र बुधराम बेदिया, रंजन कुमार बेदिया और महेश्वर बेदिया एवं स्थानीय दुकानदार रामकुमार बेदिया व जितू बेदिया आदि तुरंत दौड़ कर पहुंचे और जान की परवाह किये बिना गहरे पानी में छलांग लगा दिये और पानी में डूब रहे सभी लोगों को सकुशल बाहर निकाला गया।

घटना दोपहर दो बजे की है। उसमें से रितिक कुमार उम्र 25 वर्ष दह के गहरे पानी में डूब गया था। जिसे पर्यटक मित्रों के काफी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकाला गया। तब तक रितिक कुमार बेहोश गया था। सांसे चलना बंद हो गयी थीं। पर्यटक मित्र तत्काल रितिक कुमार को जमीन में लिटा कर सीपीआर तकनीक से आक्सीजन देने लगे और करीब एक घंटे के काफी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे रितिक कुमार की सांस चलने लगी। सीपीआर तकनीकी से ही रितिक की जान बचाना संभव हो पाया। इधर रितिक कुमार की बहन आयुश्री कुमारी उम्र 21 वर्ष भी बार बार बेहोश हो रही थी। प्राथमिक उपचार के बाद लगभग 4:00 सभी सदस्यों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

मौके पर रामकुमार बेदिया, जितू बेदिया, बालेश्वर बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, हरिचरण बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, विवेक महतो आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# हिंदू नव वर्ष मनाने को लेकर बजरंग दल की बैठक में किया गया विचार-विमर्श



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** 22 मार्च 2023 को हिन्दू नववर्ष मनाने को लेकर सोसई मेला टांड़ में बजरंग दल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस बैठक में कार्यक्रम को सफल रूप देने के लिए विचार विमर्श करते हुए रणनीति तैयार की गयी। जिसमें हिन्दू नववर्ष की शोभा यात्रा सुबह 6:00 बजे बाईक से निकाली जाएगी और फिर वापस अपने गंतव्य स्थान पर लौट आएगी। बैठक में दल के सदस्यों द्वारा बाईक यात्रा का रूट मैप भी तैयार किया गया जिसकी शुरूआत सोसई, नगड़ू, बड़का मूरू, उमेडंडा, एरुड, चलनिया, आनातू, बेतंगी, चैनगड़ा, सालहन, महादेव टोली, गेसवे, गुतरू, लावगड़ा, रोल, बरवा टोली, चकमे रोड, आरा, बुढ़मू ब्लॉक, केनरा बैंक, बुढ़मू थाना, चकमे मंदिर, छोटका मुरु, देवी मंडप सोसई और सोसई हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त की जाएगी। इसके तत्पश्चात पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। फिर पुनः 2:00 बजे सोसई से पैदल शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से बुढ़मू पूर्वी के जिला परिषद सदस्या मनोज वाजपेई, समाज सेवक पनेश्वर महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सनोज यादव, श्रीकांत मुंडा के साथ आरएसएस व बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल हुए।

# नीरजा सहाय डीएवी प्रांगण में नारी शक्ति को किया गया सम्मानित



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी प्रांगण में नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के तत्वावधान में विद्यालय परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा महिला कर्मचारियों को धन्यवाद सह सम्मान ज्ञापित किया गया। प्राचार्या किरण यादव ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए समाज के विकास एवं सुधार में नारी के प्रयोजन की अवश्यंभाव्यता पर सारगर्भित संभाषण दिया तथा सृष्टि की पूर्णता में स्त्री एवं पुरुष दोनों की सहभागिता को रेखांकित किया। महिला कर्मियों ने कई कार्यक्रम यथा गायन, कविता अभिभाषण, नृत्य, संस्मरण आदि साझा किये। समस्त विद्यालय परिवार इस मौके पर उपस्थित रहा तथा नारी के सम्मान का हिस्सा बनते हुए गौरवांवित महसूस किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनुभवी शिक्षिका सुश्री दीपिका शर्मा एवं श्रीमती श्वेता सुमन ने किया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के सशक्तिकरण और महिला सम्मान को बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

# ककरिया में 19 मार्च को निकाली जायेगी पंचायत स्तरीय सरहुल शोभायात्रा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के ककरिया पंचायत सचिवालय में रविवार को मुखिया बिरसमनी देवी की अध्यक्षता में ककरिया पंचायत के वार्ड सदस्य, पहान, पुजार एवं ग्रामीणों की बैठक की गयी। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि इस बार ककरिया में पंचायत स्तरीय सरहुल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। जिसमें पंचायत के सभी आठ गांवों के ग्रामीण पारंपरिक रूप से ढोल मांदर के साथ सरहुल शोभायात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान शोभायात्रा ककरिया अंबाटोली से शुरू होकर गांव का भ्रमण करते हुए आर्य पब्लिक स्कूल के समीप मैदान में सभा आयोजित कर समाप्त होगी। सरहुल जुलूस में शराब व हड़िया का सेवन नहीं करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जगरनाथ उरांव, मनोज उरांव, राजेश गुप्ता, महेश कुमार, इमरान खान, बलदेव उरांव, रईमा मुंडा, वीर मुंडा, शुशील मुंडा, लच्छु उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

# सड़क किनारे प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला की मददगार बनी स्वास्थ्य सहिया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य सहिया सह पंसस राखी भगत ने मानवता की मिसाल पेश की है। रांची-गुमला मुख्य मार्ग के किनारे पोस्ट ऑफिस के पास प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला की सूचना पर पहुंची राखी भगत ने सड़क किनारे महिला का प्रसव करवाया। इसके बाद एम्बुलेंस से बेहतर उपचार के लिए सीएचसी बेड़ो पहुंचाया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य सहिया ने बताया कि हमें सूचना मिली कि एक अज्ञात महिला पोस्ट ऑफिस के पास प्रसव पीड़ा से तड़प रही है। इस सूचना पर जब हम पहुंचे तो महिला की स्थिति दयनीय थी और वह दर्द से छटपटा रही थी। ऐसे में मैंने इंसानियत को सर्वोपरि रखकर कपड़े और साड़ी की आड़ करके महिला की सड़क किनारे डिलेवरी करायी है। उन्होंने बताया कि महिला और बच्चा जो कि लड़की है दोनों स्वस्थ हैं। बच्चे का जन्म अपराह्न समय 11 बजकर 20 मिनट वजन 2 किलो 300 ग्राम है। महिला का नाम मंजू कुमारी पति राजेश उरांव, मसियातु गुमला निवासी है, जो मजदूरी करके वापस अपने घर लौट रही थी। इधर स्वास्थ्य सहिया के इस कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय में सराहना हो रही है। वहीं राखी भगत ने कहा हमने मानवतावश उसकी मदद की है।

